**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT -3 (2023-24)**

**GRADE: IV** **MARKS: 50**
**SUB: HINDI** **TIME:2 Hrs**

**सूचनाएँ** = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

## खंड (क) पठित (Seen passage)

**प्रश्न १. निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**
**(Read the seen passage and follow the instructions given below.)**

अगले दिन जैसे ही सूरज निकला, धनी बिस्तर छोड़कर गांधी जी को ढूँढने निकला। वे गौशाला में गायों को देख रहे थे। फिर वह सब्ज़ी के बगीचे में मटर और बंदगोभी देखते हुए बिंदा से बात करने लगे। धनी और बिन्नी लगातार उनके पीछे-पीछे चल रहे थे।

अंत में, गांधी जी अपनी झोंपड़ी की ओर चले। बरामदे में चरखे के पास बैठ कर उन्होंने धनी को पुकारा, "यहाँ आओ, बेटा!" धनी दौड़कर उनके पास पहुँचा। बिन्नी भी साथ में कूदती हुई आई।
"तुम्हारा क्या नाम है, बेटा?"
"धनी, बापू।"
"और यह तुम्हारी बकरी है?"

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।(Complete the blanks with the appropriate word) (२अंक)**

१) धनी -------- छोड़कर गांधी जी को ढूँढने निकला।

२) धनी ------- उनके पास पहुँचा।

**ख) निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहा। (who said to whom.) (१अंक)**

१) “और यह तुम्हारी बकरी है?”

**ग)निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। (२अंक)**
**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) गांधीजी बगीचे में कौन-सी सब्जी देख रहे थे?

२) गांधीजी ने किसके पास बैठ कर धनी को पुकारा?

**प्रश्न २.निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**
**(Read the seen passage and follow the instructions given below.)**

मुन्नी - अच्छा-अच्छा चलो। देख चुन्नू, तू और टिंकू, बाज़ार से साग-सब्जी लाने का काम करना।

नीना - नहीं, मुन्नी ,इस दोनों से दाल बनवाएँगे। जब इनसे आग तक नहीं जलेगी, तब मज़ा आएगा।

चुन्नू - तो क्या तू समझती है हम आग नहीं जला सकते? चल रे टिंकू, आज इन्हें दाल बनाकर दिखा ही देंगे। क्यों?

टिंकू - हाँ, हाँ दोस्त। देख लेंगे।

मुन्नी - तो सरला, तू क्या करेगी?

सरला - भई, मैं तो दही का मट्ठा चला दूँगी।

मुन्नी - और तरला, तू।

तरला - मैं? मैं तेरे संग रोटी बनाऊँगी।

नीना - ठीक है, मैं बिल्ली बन जाती हूँ। खूब मज़ा आएगा! तुम्हारी सारी चीज़ें खा जाऊँगी।

**क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।** **(३अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false)**

१) चुन्नू और टिंकू बाज़ार से साग-सब्जी लाने का काम करेंगे। -

२) मुन्नी दाल बनाएगी। -

३) तरला बिल्ली बनेगी। -

**ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(२अंक)**

**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) बिल्ली कौन बनी?

२) रोटी कौन बनाएगी?

**प्रश्न ३.निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचना अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen poem and follow the instructions given below.)**

कुतर-कुतर कर कागज़ सारे
रद्दी से घर को भर जाता।
कौन कबाड़ी है जो कूड़ा
दुनिया भर का घर भर जाता?

कौन रात भर गड़बड़ करता?
हमें नहीं देता है सोने,
खुर-खुर करता इधर-उधर है
ढूँढ़ा करता छिप-छिप कोने ?

रोज़ रात-भर जगता रहता
खुर-खुर इधर-उधर है धाता
बच्चों उसका नाम बताओ
कौन शरारत यह कर जाता?

**क) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर सही या गलत लिखिए।** **(२अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false)**

१) चूहा हमें रात भर सोने देता है। -

२) बिल्ली खुर-खुर आवाज निकालती है। -

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए। (Choose the correct option.)** **(३अंक)**

१) चूहा कागज को कैसे खराब करता है?

I) कुतर-कुतर के II) खुर-खुर के III) खट-खट के

२) किसकी तरह चूहा घर को कूड़े से भरता है?

I) दुकानदार II) कबाड़ी III) सब्जीवाला

३) रात भर घर में इधर-उधर दौड़ कौन लगाता रहता है?

I) चूहा II) बिल्ली III) बच्चे

## खंड (ख) पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न (Textual based questions)

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in one sentence.)**

१) गाँधी जी के आश्रम का नाम क्या था?

२) धुले हुए छन्ने रोज़ कौन उठा कर ले जाता है?

३) धनी कौन था?

४) पोथी के पन्ने कैसे बिखर गए?

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in detail)**

१) मुन्नी ने अपनी अम्मा से कौन-कौन सी चीजें ली?

२) धनी बिन्नी की देखभाल कैसे करता था?

**प्रश्न ३. स्वमत (स्व-अध्ययन पर प्रश्न) (self opinion question)** **(२अंक)**

१) बच्चों ने खाने-पीने की चीज़ें छींके में क्यों रखी?

## खंड (ग) अपठित (Unseen passage)

**प्रश्न १. निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the unseen passage and follow the instructions given below.)**

भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित जम्मू व कश्मीर एक छोटा सा राज्य है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। श्रीनगर इसी राज्य की राजधानी है। श्रीनगर झेलम नदी के दोनों तटों पर बसा बहुत सुन्दर शहर है। एक तट से दूसरे तट तक जाने के लिए झेलम नदी पर कई पुल बने हैं। श्रीनगर में एक बहुत बड़ी और बहुत सुन्दर झील है। इस झील का नाम 'डल झील' है।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(३अंक)**

**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) श्रीनगर कौन-सी नदी पर बसा है?

२) श्रीनगर के झील का क्या नाम है?

३) जम्मू व कश्मीर की राजधानी का नाम बताइए।

**ख) निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाइए।** **(२अंक)**

**(Make sentence with the following words.)**

१) भारत - २) नदी -

## खंड (घ) व्याकरण(Grammar)

**प्रश्न १. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए।**

**(Change the number (vachan) of the following words.)** **(२अंक)**

१) रास्ता :- २) पुस्तकें :-

**प्रश्न २. निम्नलिखित शब्दों में सही जगह पर अनुस्वार (ं) लगाइए।** **(२अंक)**

**(Put Anuswar symbol at the right place in the following words.)**

१) रगीला - २) पसद -

**प्रश्न ३.निम्नलिखित शब्दों में सही जगह पर अनुनासिक (ँ) लगाइए।** **(२अंक)**

**(Put the nasal sign at the right place in the following words.)**

१) तागा – २) चाद -

**प्रश्न ४.निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द को ढूँढ़कर लिखिए।** **(२अंक)**

**(Find and write adjective word in the following sentences.)**

१. समय सबसे बलवान होता है।

२. कोयल मधुर आवाज में गाती है।

**प्रश्न ५.निम्नलिखित परिच्छेद को उचित विरामचिह्नों के साथ फिर से लिखिए।** **(२अंक)**

**(Rewrite the following paragraph with proper punctuations.)**

"नहीं, नहीं! हरगिज़ नहीं! यह तो काज़ी का निशाना था। मैं तो तुम्हें दिखा रहा था कि काज़ी कैसे निशाना लगाता है।" , इतना कहते हुए नसीरूद्दीन ने दुबारा धनुष उठाया, डोर खींची, निशाना साधा और तीर को छोड़ दिया।

## खंड (ङ) लेखन (Writing skill)

**प्रश्न १.निम्नलिखित किसी <u>एक विषय</u> पर संवाद लिखिए।** **(४अंक)**

**(Write a dialogue on any one of the following topics.)**

१) गरमी की छुट्टियों में यात्रा के संबंध में भाई (केशव) -बहन (शिवानी) का संवाद लिखिए।

२) यातायात के नियमों के पालन के संबंध में दो मित्रों (निरंजन और सुमित) के बीच हुए संवाद को लिखिए।

**प्रश्न २. निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक विषय</u> पर पत्र लिखिए।** **(६अंक)**

**(Write a letter on any one of the following topics.)**

१) दूरदर्शन अधिकारी को कार्यक्रमों में सुधार हेतु सुझाव पत्र लिखिए।

२) बुखार के कारण ४ दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

**********************************